जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी 28 को

रोहतक। हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला के सौजन्य से नेकी महाविद्यालय में 28 अगस्त को जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

इसकी सूचना ईमेल के माध्यम से सभी कॉलेजों को भेजी गई है। कॉलेज शिक्षक डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि कॉलेज को पंजीकरण के लिए एक ऑनलाइन लिंक भेजा गया है। सभी कॉलेज को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। ऑफलाइन पंजीकरण अमान्य होगा। ब्यूरो